**संख्या:03/2026/11ई-2/तेरह-2026-2004405**

प्रेषक,

**दुर्गा सिंह**
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

**आबकारी आयुक्त**
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ::दिनांक: 09 जनवरी, 2026

**विषयः-**REGINA WINE AND SPRITS LLP खसरा नं-56, ग्राम भण्डूर, परगना जौली, मुजफ्फरनगर को 14,00,000 (चौदह लाख मात्र) लीटर वार्षिक क्षमता की द्राक्षासवनी स्थापित किये जाने की अनुमति के संबंध में।

----------------

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या:जी-68/दो-प्रा.डी.-297/REGINA WINE, दिनांक 11-12-2025 एवं पत्र संख्या:जी-77/दो-प्रा.डी.-297/ REGINA WINE, दिनांक 31-12-2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

**2.** इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त पत्र दिनांक 11-12-2025 एवं 31-12-2025 में आप द्वारा की गयी संस्तुति/प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त राज्य के राजस्व एवं औद्योगिक हित तथा निवेश एवं रोजगार संवर्धन के दृष्टिगत REGINA WINE AND SPRITS खसरा नं-56, ग्राम भण्डूर, परगना जौली, मुजफ्फरनगर को उत्तर प्रदेश द्राक्षासवनी (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2022 के क्रम में 14,00,000 (चौदह लाख मात्र) लीटर वार्षिक क्षमता की द्राक्षासवनी स्थापित किये जाने की अनुमति इस शर्त के साथ प्रदान की जाती है कि इकाई द्वारा निम्नलिखित नियमों एवं शर्तों का अक्षरशः अनुपालन करते हुये उत्पादन सुनिश्चित किया जायेगा:-

(1) उत्तर प्रदेश द्राक्षासवनी (द्वितीय संशोधन) नियमावली, 2022 में उल्लिखित शर्तें।

(2) समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत आबकारी नीति में निर्धारित निर्देश।

(3) इकाई द्वारा नियमानुसार प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड एवं अग्नि शमन विभाग से प्राप्त अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा अन्य विभागों से सुसंगत अधिनियमों/नियमों के अन्तर्गत अनापत्ति/अनुज्ञा के अधीन द्राक्षासवनी का संचालन किया जायेगा।

(4) इकाई द्वारा गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेज (जी.एम.पी.) तथा भारतीय मानक ब्यूरो (बी.आई.एस.) द्वारा निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए उत्पादन सुनिश्चित किया जायेगा।

(5) इकाई द्वारा भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) द्वारा निर्धारित मानकों का अनुपालन किया जायेगा।

(6) इकाई में उत्पादित वाइन के पैकेजिंग से पूर्व आबकारी आयुक्त द्वारा आबकारी विभाग एवं NSI की संयुक्त टीम गठित कर यवासवनी का निरीक्षण कराते हुये वाइन के सैम्पल का परीक्षण कराया जायेगा। परीक्षण रिपोर्ट में वाइन के टी.आर.एस. वैल्यू एवं अल्कोहल प्रतिशत के आधार पर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित कराई जायेगी।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

(7) इकाई द्वारा उत्पादित की जाने वाली विभिन्न श्रेणी की वाइन हेतु भारतीय मानक ब्यूरो (बी.आई.एस.) द्वारा निर्धारित मानकों एवं प्रसंस्करण की शर्तों का श्रेणीवार अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(8) अग्रतर कार्यवाही से पूर्व आबकारी आयुक्त, उ.प्र. द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि इकाई पर कोई राजस्व बकाया न हो।

(9) आबकारी आयुक्त द्वारा इस संदर्भ में लागू अन्य समस्त सुसंगत नियमों/नियमावलियों व शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

तदनुसार कृपया अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

**(दुर्गा सिंह)**
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।